सुविधा

आपस में जुड़ेंगे चारबाग व लखनऊ जंक्शन, दिसंबर तक काम पूरा होने की उम्मीद


# चारबाग स्टेशन पर बनेगा एयर कॉन्कोर्स

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन पर अपग्रेडेशन कार्य को गति मिली है। सेकंड एंट्री का काम तेजी से पूरा हो रहा है। इसके बाद एयर कॉन्कोर्स का निर्माण शुरू होगा। इसमें चारबाग व लखनऊ जंक्शन को आपस में जोड़ा जाएगा। यह काम दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

स्टेशन अपग्रेडेशन स्कीम के तहत चारबाग और गोमतीनगर रेलवे स्टेशनों का चयन हुआ था। 18 सौ करोड़ रुपये से दोनों स्टेशनों का कायाकल्प होना है। इसकी जिम्मेदारी रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) को सौंपी गई है। हाल ही में आरएलडीए ने गोमतीनगर स्टेशन का काम पूरा किया है। अब चारबाग स्टेशन के विकास कार्यों पर फोकस है। इसके लिए पहले चरण में 580 करोड़ रुपये मिले हैं। यहां स्टेशन पर सेकंड एंट्री के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। अब नया स्टेशन भवन बनाने की तैयारी है। यह सात मंजिला होगा। सेकंड फेज में एयर कॉन्कोर्स का निर्माण शुरू कराने की तैयारी है।

## स्टेशन अपग्रेडेशन स्कीम के तहत होगा काम पहले चरण में मिले 580 करोड़ रुपये



काम पूरा होने के बाद ऐसे दिखेगा स्टेशन का नजारा। -इंटरनेट

## ऐसा होता है एयर कॉन्कोर्स

एयर कॉन्कोर्स एक तरह की छत है। इसे जमीन से तीस से चालीस फीट की ऊंचाई पर बनाया जाता है। यह इतना बड़ा होगा जो चारबाग व लखनऊ जंक्शन को आपस में जोड़ देगा। इससे ट्रेनों में सवार होने वाले यात्री कॉन्कोर्स के जरिए दोनों स्टेशनों पर आसानी से आ-जा सकेंगे। बाहर निकलने के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर के जरिये ग्राउंड फ्लोर पर भी पहुंच सकेंगे। यहां यात्रियों के लिए टिकटिंग, एसी लाउंज, खानपान के स्टॉल और सिटिंग आदि की आधुनिक सुविधाएं भी होंगी।

## मेन एंट्री जैसी होगी सेकंड एंट्री

- आरएलडीए चारबाग की सेकंड एंट्री को भव्य रूप दे रही है। यहां बहुमंजिला भवन बन रहा है। सेकंड एंट्री की ओर मौजूद रेलवे कॉलोनियों को खाली करवाकर वहां यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। पार्किंग बनाई जाएगी। यह मेन एंट्री जैसा भव्य व यात्री सुविधाओं से युक्त होगी।